**कार्यालय : प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट (सोनभद्र) ।**

पत्रांक : 4701 /रेनुकूट/ 15–31 रेनकूट,दिनांक,जून, 30, ,2018

सेवा में,

श्री सौरभ शाह
अधिकृत हस्ताक्षरी
मे0 हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0
रेनुकूट–सोनभद्र ।

विषयः– जनपद–सोनभद्र में (रेनुकूट वन प्रभाग अन्तर्गत ) मे0 हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0 (रेनुसागर पावर डिवीजन रेनुसागर) को रेनुसागर पावर प्लांट से हिण्डालको प्लांट रेनुकूट तक 132 के0वी0 विद्युत पारेषण लाईन के निर्माण एवं संचालन हेतु हस्तान्तरित 38.2591 हे0 आरक्षित वन भूमि के पट्टे का 25 वर्षो के लिए नवीनीकरण किया जाना

संदर्भः– आपका पत्र दिनांक–20.06.2018

महोदय,

विषयक प्रकरण में संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें । वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का अवलोकन किया गया । अवलोकन करने पर यह पाया गया कि प्रस्ताव में संलग्न समस्त अभिलेखों पर क्षेत्रीय वन अधिकारियो का हस्ताक्षर नही है जिसके कारण अग्रेत्तर कार्यवाही करना संभव नही हो पा रहा है ।

अतः संदर्भित पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव की समस्त छः प्रतियॉ मय सी0डी0 सहित इस पत्र के साथ संलग्न कर वापस प्रेषित की जाती है । आप स्वयं क्षेत्रीय वन अधिकारी अनपरा एवं पिपरी से सम्पर्क स्थापित करते हुए प्रस्ताव में संलग्न अभिलेखो के अनुसार मौके की जॉच कार्यवाही सम्पादित कराते हुए उनके हस्ताक्षर कराने के उपरान्त इस कार्यालय में प्रस्तुत करने का कष्ट करें ।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार** ।

भवदीय

(एम0पी0सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट

**संख्या–4701/अ/सम दिनांकित ।**

प्रतिलिपि क्षेत्रीय वन अधिकारी, अनपरा एवं पिपरी को सूचनार्थ एवं इस आशय से प्रेषित कि मे0 हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0 रेनुकूट के नामित प्रतिनिधि द्वारा आपसे सम्पर्क स्थापित किये जाने पर प्रस्ताव में संलग्न अभिलेखो की मौके पर जॉच कर लें और जॉचोपरान्त सही पाये जाने पर हस्ताक्षरोपरान्त प्रस्ताव इस कार्यालय को मे0 हिण्डालको द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा ।

(एम0पी0सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट